## प्रेस नोट थाना फरिहा दिनांक 29-10-2025 जनपद फिरोजाबाद ।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना फरिहा एवं एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा बिजली के तार चोरी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार ।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त 1.पिन्टू उर्फ राहुल, व 2.सीताराम पैर में गोली लगने से हुए घायल......**
- **अभियुक्त पिन्टू उर्फ राहुल उपरोक्त के विरुद्ध जनपद फिरोजाबाद, एटा व आगरा के विभिन्न थानों पर करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं ।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा मय 03 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस, 04 बण्डल बिजली के तार, 01 ईको गाडी, कटर व रस्सी बरामद ।**
- **दोनों घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना फरिहा पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मसरलगंज रोड़ से दभारा जाने वाले रास्ते पर 01 संदिग्ध ईको गाड़ी खड़ी हुई है। जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्ति सवार हैं। गाडी में बिजली के तार रखे हुए हैं तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर अवैध असलहा भी हैं। संदिग्ध व्यक्ति सम्भवतः थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देनें की फिराक में है। सूचना पर थाना फरिहा पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम मौके पर पहुँची तो एक संदिग्ध गाड़ी खड़ी हुई दिखाई दी। पुलिस टीम संदिग्ध गाड़ी की घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ देखकर गाड़ी सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति गाड़ी से उतर कर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी कार्यवाही में 02 अभियुक्तों के पैर में गोली लग गयी। दोनों अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्तों की पहचान 1.पिन्टू उर्फ राहुल पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम हलपुरा आखलाबाद थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद, 2.सीताराम पुत्र मुन्नालाल निवासी राठौर नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद के रुप में हुई है। 02 अन्य अभियुक्त गाडी में ही छिपने का प्रयास करने लगे अन्य दोनों अभियुक्तों को भी पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गाड़ी में ही छिपने का प्रयास करने वाले दोनों गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों की पहचान 3.राकेश पुत्र मुरारीलाल निवासी करीमनगर थाना ताजगंज जनपद आगरा, 4.देवेन्द्र पुत्र राकेश निवासी अखलाबाद थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे, 03 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस, 04 बण्डल बिजली के तार, 01 ईको गाडी, कटर व रस्सी बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-

1.पिन्टू उर्फ राहुल पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम हलपुरा आखलाबाद थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।
2.सीताराम पुत्र मुन्नालाल निवासी राठौर नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबाद।
3.राकेश पुत्र मुरारीलाल निवासी करीमनगर थाना ताजगंज जनपद आगरा ।
4.देवेन्द्र पुत्र राकेश निवासी अखलाबाद थाना मटसेना जनपद फिरोजाबाद।

## अभियुक्त पिन्टू उर्फ राहुल उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-

01. CR 16/21 SHIKOHABAD 379,411,427, IPC Firozabad
02. CR 51/20 PACHOKHRA 379, IPC Firozabad
03. CR 51/21 KHERAGARH 379,427,411, IPC 136 ELECTRICITY ACT Firozabad
04. CR 40/21 SIRSAGANJ 136,139,V ACT 411, IPC Firozabad
05. CR 41/21 KHERAGARH 379,427,411, IPC 136 ELECTRICITY ACT Firozabad
06. CR 91/21 PACHOKHRA 379,411, IPC 136 ELECTRICITY ACT Firozabad
07. CR 177/21 NAARKI 379,411, IPC 136 ELECTRICITY ACT Firozabad
08. CR 93/21 PACHOKHRA 3/25A ACT Firozabad
09. CR 498/20 TUNDLA 379,411, IPC 139 ACT Firozabad
10. CR 212/20 PACHOKHRA 379,411, IPC 139 ACT Firozabad
11. CR 194/21 NAARKI 379, IPC 136 ACT Firozabad
12. CR 225/18 BAGWALA ETAH 136(1)A ELECTRICITY ACT
13. CR 388/18 BAGWALA 136(1)A ELECTRICITY ACT
14. CR 162/18 RIJAUR ETAH 136 ELECTRICITY ACT
15. CR 101/19 BAGWALA ETAH 3/25 A.ACT 31/05/2019
16. CR 511/18 JALESAR 379/427 IPC 17/06/2019 ETAH DISTRICT
17. CR 504/18 JALESAR 379/427 IPC 17/06/2019 ETAH DISTRICT
18. CR 61/19 NOT KNOWN 147/148/323/307 IPC 13/08/2019 FEROZABAD
19. CR 109/18 SAKRAULI 406/379/411/427 IPC 31/05/2019 ETAH DISTRICT
20. CR 141/23 ACHHNERA 427,379,411 IPC AGRA DISTRICT
21. CR 44/20 FIROZABAD NORTH 392, IPC 18/03/2024 FEROZABAD
22. CR 46/20 NOT KNOWN 3/25A ACT 05/02/2020 FEROZABAD

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. थानाध्यक्ष राजीव कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2. निरीक्षक प्रेम शंकर पांडेय प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. व0उ0नि0 उमेश सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 उदय सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
5. हे0कां0 342 सर्वेश कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
6. हे0कां0 711 अवनीश गौतम थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
7. कां0 1268 विशाल कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
8. कां रघुराज सिंह एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
9. कां0 724 प्रभाष कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
10. चालक कां0 गिरवर सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।